कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद रूद्रप्रयाग।

पत्रॉकः भ–15/2008 दिनॉकः मार्च 31 ,2015

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

———

विषयः– जनपद रूद्रप्रयाग के स्थान जखोली में प्रस्तावित पुलिस चौकी माई की मढी के भवन निर्माण हेतु 0.260 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी कार्यो हेतु पुलिस विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– आपका ऑनलाईन पत्र संख्याः 2722/FP/UK/OTHERS/6951/2014 दिनॉकः 27–03–2015

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक/संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा पुलिस चौकी माई की मढी के आवासीय/अनावासीय भवनो के निर्माण हेतु 0.260 हे0 वन भूमि प्रत्यार्वतन सम्बन्धी ऑनलाईन प्रस्ताव में कार्यालय भवन हेतु याचित वन भूमि का माप (Dimension) का उल्लेख किये जाने एवं याचित भूमि की माप स्पष्ट करते हुये प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः उक्त सम्बन्ध में अपेक्षित आख्या निम्नवत् सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है :–

1. प्रश्नगत परियोजना के अर्न्तगत पुलिस चौकी के **प्रशासनिक भवन एवं अन्य कार्यालयी भवनो आदि के** निर्माण **हेतु 287.36 वर्गमीटर भूमि** जैसा कि **संलग्न ले आऊट प्लान** में दर्शाया गया है, प्रयुक्त की जानी है।

2. उक्त के अतिरिक्त शेष **2352.64 वर्ग मीटर भूमि** प्रश्नगत पुलिस चौकी के **लावारिस वाहनो/मुकदमे से सम्बन्धित वाहनो तथा अन्य निष्प्रयोज्य वाहन आदि उपकरणों को सुरक्षित पार्क** किये जाने के साथ–साथ सुरक्षा **की दृष्टि से एक सुरक्षित परिसर** निर्मित किये जाने में प्रयोग किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उक्त सम्बन्ध में संशोधित ले आउट प्लान, परिमाप(Dimension) का उल्लेख सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि प्रस्ताव पर अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

संलग्नः यथोपरि।

पुलिस अधीक्षक,
रूद्रप्रयाग।

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, गढवाल वृत्त पौडी को उक्त संदर्भ में सूचनार्थ।

2– प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग रूद्रप्रयाग को उक्त संदर्भ में सूचनार्थ।

LAY OUT PLAN FOR CONSTRUCTION OF RP MAI KI MADHI'S BUILDING AT JAKHAND(GA) JAKHOLI

संकेत

1.	प्रस्तावित भूमि की सीमा –	
2	वृक्षयुक्त भूमि जिसका विभाग द्वारा निर्माण के लिये उपयोग नहीं किया जाना है।	
3	वृक्षविहीन भूमि जो विभाग द्वारा उपयोग की जानी है	
4	प्रस्तावित निर्माण/पार्किंग हेतु चिन्हित भूमि	

पुलिस उपाधीक्षक
कृते पुलिस अधीक्षक
रुद्रप्रयाग